FYBA sem : II L-II Hindi

N03AAI

समय : २:३० घंटे **पूर्णांक : ७५**

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क) "कम हो रहा है मिलना – जुलना
कम हो रही है लोगों की जान – पहचान
सुख – दुःख में भी पहले की तरह इकट्ठे नहीं होते लोग
तार से आ जाती है बधाई और शोक सन्देश"

अथवा

"सात भाईयों के बीच सयानी चम्पा
एक दिन घर की छत से
लटकती पायी गई।
तालाब में जलकुम्भी के जालों के बीच
दबा दी गई।
वहाँ एक नील कमल उग आया।"

(ख)"अपने प्रधानमंत्री देश के लिए दुखी हैं, हँस नहीं सकते। हँसेंगे तो लोग कहेंगे कि देश में ऐसी हालत है? और अपना प्रधानमंत्री हँस रहा है। इससे विदेश में हमारी छवि ख़राब होगी।"

अथवा

"वर्षों सुख – शान्ति, अमन चैन से गुजार सकेंगे आप 'माई – बाप', इन देश के लालों के साथ। ये हमेशा रोटी के लाले पड़े रहने पर भी कभी शिकवे – शिकायत नहीं करते। हर हाल में मुँह सिल कर रहने की जबरदस्त ट्रेनिंग मिली है इन्हें।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'पिता' कविता के माध्यम से कवि के मन में बसी उन स्मृतियों का विस्तार से वर्णन कीजिये।

अथवा

'अपनी ज़मीन तलाशती बेचैन स्त्री' कविता के माध्यम से स्त्री मन की छटपटाहट को अपने शब्दों में लिखिए।

पीछे देखिए....

NO3AAI

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

(छ) 'तीन अदद मास्टर : तीन अदद झलकियाँ' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'मनुष्य और ठग' रचना की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(ट) 'परिवर्तन' कविता का आशय।

अथवा

'खोज की बुनियाद' कविता की मूल संवेदना।

(ठ) 'बेवकूफी का कोर्स' रचना का व्यंग्य।

अथवा

'प्रतिभा शोध निकेतन' रचना का सारांश।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (०५)

१) 'ज्वालामुखी' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

२) चम्पा के कितने भाई हैं?

३) निर्मला गर्ग की रचना का नाम लिखिए।

४) लेखक लक्ष्मीकांत वैष्णव ने कितने मास्टरों की बात की है?

५) 'मनुष्य और ठग' किसकी रचना है?

प्रश्न –(५) (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लेखन कीजिए :- ~~(१०)~~ (10)

१) प्राकृतिक प्रकोप से पीड़ित गाँव की आत्मकथा।

२) महानगरों में बढ़ती आबादी एक समस्या।

३) महिला सुरक्षा और न्यायनीति।

४) आतंकवाद और विश्व।

पीछे देखिए....

N03AAI

<u>समय : २:३० घंटे</u> <u>पूर्णांक : ७५</u>

(ब) कोष्ठक में दी गयी सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के विशेषण रूप लिखिए :- (०२)

१) राष्ट्र २) शब्द ३) अंत ४) संसार

२) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए :- (०२)

१) तरल २) कोमल ३) सुन्दर ४) गरीब

३) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए :- (०२)

१) पिता २) शिक्षक ३) चूहा ४) मोरनी

४) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (०२)

१) पीड़ा २) सुमन ३) रात ४) निवास

५) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखिए :- (०२)

१) सुख २) कठोर ३) धरती ४) मरना

****